भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3263
दिनांक 12 मार्च, 2026

एथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम का प्रभाव

†3263. श्री दिलेश्वर कामैतः

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश ने जुलाई, 2025 की मूल निर्धारित समय-सीमा से पांच वर्ष पूर्व ही 20 प्रतिशत एथेनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश भर में ई20 ईंधन वितरित करने वाले खुदरा बिक्री केंद्रों की संख्या कितनी है तथा राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में ई20 ईंधन उपलब्धता की स्थिति क्या है;

(ग) एथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त संचयी विदेशी मुद्रा बचत और पर्यावरणीय लाभों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा एथेनॉल उत्पादन क्षमता को और बढ़ाने और सम्मिश्रण स्तर को ई20 के स्तर से ऊपर ले जाने के लिए क्या रोडमैप तैयार किया गया है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (घ): सरकार ने एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के तहत पेट्रोल में एथेनॉल के मिश्रण को बढ़ावा दिया है। राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति 2018, 2022 में यथासंशोधित, में अन्य बातों के अलावा, पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को वर्ष 2030 से घटाकर एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2025-26 (1 नवंबर, 2025 से 31 अक्टूबर, 2026) कर दिया। सरकार के समन्वित प्रयासों के कारण यह 20% का लक्ष्य दिसंबर 2025 में प्राप्त कर लिया गया, जिससे ईएसवाई 2013-14 में पेट्रोल में एथेनॉल का मिश्रण 38 करोड़ लीटर से बढ़कर ईएसवाई 2024-25 में 1000 करोड़ लीटर से अधिक हो गया। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने ईएसवाई 2021-22 के दौरान निर्धारित लक्ष्य से पाँच महीने पहले, जून 2022 में पेट्रोल में 10% एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इसके बाद, एथेनॉल मिश्रण का स्तर ईएसवाई 2022-23 में बढ़कर 12.06%, ईएसवाई 2023-24 में 14.60% और ईएसवाई 2024-25 में 19.24% हो गया। दिनाँक 28.02.2026 की स्थिति के अनुसार, 353 करोड़ लीटर से अधिक एथेनॉल का मिश्रण किया गया है, जिससे पेट्रोल में एथेनॉल का औसत मिश्रण 20% तक पहुँच गया है।

ईबीपी कार्यक्रम के परिणामस्वरूप, एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2014-15 से फरवरी 2026 तक किसानों को 1,50,925 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया गया है, इसके अलावा 1,70,560 करोड़ रुपए से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत हुई, लगभग 869 लाख मीट्रिक टन शुद्ध सीओ2 की कमी हुई और 289 लाख मीट्रिक टन से अधिक कच्चे तेल का प्रतिस्थापन हुआ है।

देश भर में सम्पूर्ण मुख्य भूमि क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियों (ओएमसी) के सभी खुदरा बिक्री केन्द्र, जिनके पास पेट्रोल बिक्री करने की सुविधा है, ई20 पेट्रोल वितरित करते हैं।

वर्तमान में, पेट्रोल में 20% एथेनॉल का मिश्रण है।

*****